Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam
✆: 7737746465
www.LinkingLaws.com

# PAPER-II
## LAW

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 5 8 1 4**

Time : 1 $^1/_4$ hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।



Linking Laws  Linking Laws Tansukh Sir  www.LinkingLaws.com  Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.



# LAW
## PAPER – II

**NOTE :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** In which of the following cases, the Supreme Court held that 'the preamble is the part of the constitution' ?
(A) Berubari union and Exchage of enclave
(B) Golaknath v/s State of Punjab
(C) Kesavananda Bharati v/s State of Kerala
(D) None of the above

**2.** Clause(5) of article-15 has been added to the constitution by :
(A) Constitution (First Amendment) Act
(B) Constitution (Seventh Amendment) Act
(C) Constitution (Forty-second Amendment) Act
(D) Constitution (Ninety-third Amendment) Act

**3.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| i. | Equal justice and free legal aid | a. | Article-44 |
| ii. | Uniform civil code for citizens | b. | Article-48A |
| iii. | Protection and improvement of environment and safeguarding of forests and wild life. | c. | Article-39A |
| iv. | Promotion of international peace and security | d. | Article 51 |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | c | b | d | a |
| (B) | c | a | b | d |
| (C) | a | b | c | d |
| (D) | d | a | b | c |

**4.** Rights of a citizen under Article-19 are automatically suspended during the period of emergency, if emergency under Article-352 is declared on the grounds of :
(A) war, external aggression or armed rebellion
(B) war or armed rebellion
(C) external aggression or armed rebellion
(D) war or external aggression

**5.** In which of the following cases the supreme court has held that the word 'law' in Article-21 does not mean merely an enacted piece of law but must be just, fair and reasonable law ?
(A) A.K. Gopalan v/s State of Madras
(B) Maneka Gandhi v/s Union of India
(C) Both (A) and (B) above
(D) None of the above

**6.** A distinguished jurist can be appointed as a judge of the :
(A) high court only
(B) supreme court only
(C) high court or supreme court both
(D) none of the above

**7.** 'Which cannot be done directly, cannot be done indirectly.' – This statement epitomises the doctrine of :
(A) colourable legislation
(B) pith and substance
(C) harmonious construction
(D) eclipse



Linking Laws   Linking Laws Tansukh Sir   www.LinkingLaws.com   Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

Linking Laws
"Link the Life with Law" All Judiciary Exam
✆ : 7737746465
www.LinkingLaws.com

# विधि

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णयानुसार 'उद्देशिका (प्रिएंबुल)' संविधान का एक भाग है ?
(A) बेरुबरी संघ ऐंड एक्सचेंज ऑफ इंक्लेव
(B) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
(C) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** अनुच्छेद 15 का खण्ड (5) संविधान में किसके द्वारा जोड़ा गया ?
(A) संविधान (प्रथम संशोधन) अधिनियम
(B) संविधान (सप्तम संशोधन) अधिनियम
(C) संविधान (बयालीसवाँ संशोधन) अधिनियम
(D) संविधान (तिरानबेवाँ संशोधन) अधिनियम

**3.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूची के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| i. | समान न्याय तथा नि:शुल्क कानूनी सहायता | a. | अनुच्छेद 44 |
| ii. | नागरिकों के लिए एकसमान सिविल संहिता | b. | अनुच्छेद 48A |
| iii. | पर्यावरण का परिरक्षण एवं संवर्धन तथा वनों एवं वन्य जीवन के सुरक्षोपाय | c. | अनुच्छेद 39A |
| iv. | अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा | d. | अनुच्छेद 51 |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | c | b | d | a |
| (B) | c | a | b | d |
| (C) | a | b | c | d |
| (D) | d | a | b | c |

**4.** अनुच्छेद 352 के अंतर्गत निम्नलिखित में से किन आधारों पर आपातकाल घोषित किए जाने पर अनुच्छेद 19 के अंतर्गत नागरिकों के अधिकार स्वत: निलम्बित हो जाते हैं ?
(A) युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह
(B) युद्ध अथवा सशस्त्र विद्रोह
(C) बाह्य आक्रमण अथवा सशस्त्र विद्रोह
(D) युद्ध अथवा बाह्य आक्रमण

**5.** निम्नलिखित में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने निर्णय लिया कि अनुच्छेद 21 में 'विधि' शब्द केवल अधिनियमित कानून को ही नहीं बल्कि किसी भी न्यायपूर्ण, उचित ऋजु तथा युक्तियुक्त विधि को व्यंजित करता है ?
(A) ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य
(B) मेनका गांधी बनाम भारत संघ
(C) उपर्युक्त (A) तथा (B) दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** किसी लब्धप्रतिष्ठ विधिवेत्ता को किस न्यायालय का न्यायाधीश बनाया जा सकता है ?
(A) केवल उच्च न्यायालय का
(B) केवल उच्चतम न्यायालय का
(C) उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय दोनों का
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** 'जिसे प्रत्यक्ष रूप में नहीं किया जा सकता उसे अप्रत्यक्ष रूप में भी नहीं किया जा सकता' – यह वक्तव्य किस सिद्धांत को साकार करता है ?
(A) छद्‌म विधायन का सिद्धान्त
(B) सारांश और सार का सिद्धान्त
(C) समरसता निर्माण
(D) आच्छादन का सिद्धान्त



Linking Laws | Linking Laws Tansukh Sir | www.LinkingLaws.com | Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**8.** Match List-I with List-II by using the codes given below :

Possession must be protected because :

| List– I | | List – II | |
|---|---|---|---|
| 1. | Kent | a. | Man by taking possession has brought the object within his sphere of will. |
| 2. | Hegal | b. | In possession there is manifestation of individual's will. |
| 3. | Hollard | c. | Every act of violence is unlawful. |
| 4. | Savigny | d. | It is essential for preservation of peace. |

**Codes :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | c | b | d | a |
| (B) | a | d | b | c |
| (C) | b | d | c | a |
| (D) | a | b | c | d |

**9.** Which one of the following statements is not correct ?

(A) Austin and Kelson did much to rescue jurisprudence from the so-called confusion of social sciences.

(B) Historical school of jurisprudence was a reaction against a prior methods of reasoning of eighteen century natural law.

(C) Cujas and Hugo also applied the historical approach in the study of law.

(D) Savigny did not discard the principle of natural law.

**10.** Match List-I (Name of Books) with List-II (Name of Writers) and select the correct answer :

| List – I | | List – II | |
|---|---|---|---|
| a. | Pure theory of law | 1. | Hans Kelson |
| b. | Three lectures on Vedanta philosophy | 2. | Max Muller |
| c. | Judiciary attacks and survivals | 3. | Justice V.D. Tulzapurkar |
| d. | The growth of law | 4. | Justice Cardozo |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**11.** The term 'Legal Theory' has been first time coined by :

(A) Hans Kelson
(B) W. Friedman
(C) Salmond
(D) Ronald Dworkin

**12.** Which of the following statement is not true about the conformity of custom ?

(A) It should be in conformity with public policy.

(B) It should be in conformity with statutory law.

(C) In England, custom will be recognised even if it is in conflict with some fundamental principles of law.

(D) The custom must not be in conflict with tradition.

**13.** "No one has any other right than always to do his duty." It was stated by :

(A) Kelsen
(B) Prof. Duguit
(C) Holland
(D) Salmond



Linking Laws · Linking Laws Tansukh Sir · www.LinkingLaws.com · Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**8.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूची के नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

कब्जा की हिफाजत अनिवार्यत: की जानी चाहिए क्योंकि :

| **सूची – I** | | **सूची – II** | |
|---|---|---|---|
| 1. | केंट | a. | कब्जा लेकर मनुष्य उस वस्तु को अपनी इच्छा के दायरे में लाता है । |
| 2. | हेगेल | b. | कब्जा में मनुष्य की इच्छा का प्रकटन होता है |
| 3. | हॉलार्ड | c. | हिंसा का प्रत्येक कृत्य गैरकानूनी है । |
| 4. | सेविग्नी | d. | शांति बनाए रखने के लिए यह अनिवार्य है । |

**कूट :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | c | b | d | a |
| (B) | a | d | b | c |
| (C) | b | d | c | a |
| (D) | a | b | c | d |

**9.** निम्नलिखित में से कौन सा वक्तव्य सही नहीं है ?

(A) समाज विज्ञानों के तथाकथित भ्रमभाव से विधिशास्त्र को बचाने का बहुत अधिक प्रयास आस्टिन तथा केल्सन ने किया ।

(B) विधिशास्त्र की ऐतिहासिक विचारधारावाला संप्रदाय, अठारहवीं शताब्दी के प्राकृतिक कानून के पहले की तर्कणा विधि के विरुद्ध प्रतिक्रिया के रूप में उभरा ।

(C) विधि के अध्ययन में कुजास तथा ह्यूगो ने भी ऐतिहासिक उपागम का अनुप्रयोग किया ।

(D) सेविग्नी ने प्राकृतिक कानून के सिद्धांत को बरखास्त नहीं किया ।

**10.** सूची-I (पुस्तक) को सूची-II (लेखक) से सुमेलित कीजिए और सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | | **सूची – II** | |
|---|---|---|---|
| a. | प्योर थियरी ऑफ लॉ | 1. | हैंस केलसन |
| b. | थ्री लेक्चर्स ऑन वेदान्त फिलॉसफी | 2. | मैक्स मूलर |
| c. | जुडिसियरी : अटैक्स एण्ड सर्वाइवल्स | 3. | जस्टिस वी.डी. तुलजापुरकर |
| d. | दि ग्रोथ ऑफ लॉ | 4. | जस्टिस कार्डोजो |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**11.** 'लीगल थियरी' शब्द को गढ़ने वाला (प्रथम सर्जक) कौन है ?

(A) हैंस केलसन

(B) डब्ल्यू फ्रीडमैन

(C) साल्मण्ड

(D) रोनाल्ड ड्वोर्किन

**12.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन प्रथा या रूढ़ि की अनुरूपता के संबंध में सही नहीं है ?

(A) इसे सार्वजनिक नीति के अनुरूप होना चाहिए ।

(B) इसे कानून के अनुरूप होना चाहिए ।

(C) इंग्लैंड में प्रथाएँ/रूढ़ियों को मान्यता तब भी प्रदान की जाएगी जब वे विधि के कुछ मौलिक सिद्धांतों के विरुद्ध भी हों ।

(D) रूढ़ि को परम्परा के विरुद्ध नहीं होना चाहिए ।

**13.** "किसी को भी इससे बढ़कर कोई अधिकार नहीं होता कि उसे सदैव अपना कर्त्तव्य करना है" – यह किसने कहा था ?

(A) केल्सन

(B) प्रोफेसर डुग्विट

(C) हॉलैंड

(D) साल्मण्ड



Linking Laws | Linking Laws Tansukh Sir | www.LinkingLaws.com | Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**14.** **Assertion (A) :** Custom is per se law, independent of its prior recognition by the sovereign or the judge.

**Reason (R) :** Custom is a source of law.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true but (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not a correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

**15.** **Assertion (A) :** According to John Austin, international law is true law and not negative international morality.

**Reason (R) :** Three elements in Austin's definition of law, namely command of the sovereign, duty of inferiors and sanction incase inferior who commit breach of the command are absent in international law.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not a correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

**16.** "International law is international morality or ethics, international courtesy or convention in the social sense of the word, comity as distinguished from rule of law."

Above statement is attributed to :

(A) Hobbes

(B) Pufendorf

(C) Bentham

(D) Kelsen

**17.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| i. | International custom | a. | Peace keeping |
| ii. | United Nations | b. | Source of international law |
| iii. | Enforcing judgement of international court of justice | c. | Entry 14, list I read with Article-73. |
| iv. | Nirmal bose v/s Union of India, AIR Calcutta, p.506 | d. | Political mechanism |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | a | d | c |
| (B) | a | b | d | c |
| (C) | a | b | c | d |
| (D) | d | b | a | c |

**18.** Estrada doctrine relates to

(A) Necessity of recognition

(B) form of recognition

(C) No necessity of recognition

(D) Recognition is superficial

**19.** Principle of United Nation is

(A) Some sovereigns are more equal than others.

(B) Member nations have rights but no obligations.

(C) All members shall settle their international disputes by peaceful means.

(D) All members shall settle their national disputes by peaceful means.

**20.** Doctrine of forum prorogatum means

(A) Jurisdiction cannot be conferred upon an existing tribunal not otherwise competent by the litigants during the proceedings.

(B) Jurisdiction can be conferred upon an existing tribunal not otherwise competent by the litigants during the proceedings.

(C) Jurisdiction can be conferred upon an existing tribunal not otherwise competent by the litigants after the proceedings.

(D) None of the above



Linking Laws   Linking Laws Tansukh Sir   www.LinkingLaws.com   Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.



14. **अभिकथन (A)** : रूढ़ि, शासक अथवा न्यायाधीश द्वारा पूर्व-मान्य किए जाने से स्वतंत्र, स्वयं में कानून होती है ।

**कारण (R)** : रूढ़ि कानून का स्रोत होती है ।

**कूट** :

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

15. **अभिकथन (A)** : जॉन ऑस्टिन के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय विधि एक सही विधि है और नकारात्मक अन्तर्राष्ट्रीय नैतिकता नहीं है ।

**तर्क (R)** : ऑस्टिन द्वारा विधि की परिभाषा में तीन तत्त्व हैं, प्रभुता सम्पन्न का आदेश, निम्नतरों का कर्त्तव्य और मंजूरी जो आदेश के भंग होने पर अन्तर्राष्ट्रीय विधि में अनुपस्थित हैं ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

16. "अन्तर्राष्ट्रीय विधि अन्तर्राष्ट्रीय नैतिकता और आचार अन्तर्राष्ट्रीय शालीनता अथवा शब्द के सामाजिक भाव में कंवेंशन, विधि के साम्राज्य से विभिन्न सौजन्य रूप में है ।"

यह कथन है –

(A) होब्बस

(B) पुफेनडार्फ

(C) बैंथम

(D) केल्सन

17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| i. अन्तर्राष्ट्रीय रूढ़ि | a. शान्ति बनाये रखना |
| ii. संयुक्त राष्ट्र | b. अन्तर्राष्ट्रीय विधि का स्रोत |
| iii. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक अदालत के निर्णय को लागू करना | c. एण्टरी 14, सूची I जो अनुच्छेद 73 के साथ पढ़ी जाए |
| iv. निर्मल बोस बनाम भारत संघ ए आई आर कलकत्ता, पृ 506 | d. राजनीतिक तंत्र |

**कूट :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | a | d | c |
| (B) | a | b | d | c |
| (C) | a | b | c | d |
| (D) | d | b | a | c |

18. एस्ट्राडा का सिद्धान्त सम्बंधित है

(A) मान्यता की आवश्यकता

(B) मान्यता का रूप

(C) मान्यता की कोई आवश्यकता नहीं ।

(D) मान्यता व्यर्थ है ।

19. संयुक्त राष्ट्र का सिद्धान्त है

(A) कुछ प्रभुत्ता-सम्पन्न देश दूसरों की तुलना में अधिक समान होते हैं ।

(B) सदस्य राष्ट्रों के अधिकार हैं परन्तु उनकी कोई बाध्यता नहीं है ।

(C) सभी सदस्य अपने अन्तर्राष्ट्रीय झगड़ों का निपटान शान्तिपूर्ण साधनों से करेंगे ।

(D) सभी सदस्य अपने राष्ट्रीय झगड़ों को शान्तिपूर्ण साधनों से निपटाऐंगें ।

20. फोरम प्रोरोगैटम के सिद्धान्त का अभिप्राय है

(A) एक मौजूदा अधिकरण जो अन्यथा सक्षम नहीं, उसे मामले के पक्षकारों द्वारा कार्रवाई के दौरान क्षेत्राधिकार नहीं दिया जा सकता ।

(B) एक मौजूदा अधिकरण जो अन्यथा सक्षम नहीं, उसे मामले के पक्षकारों द्वारा कार्रवाई के दौरान क्षेत्राधिकार दिया जा सकता है ।

(C) एक मौजूदा अधिकरण जो अन्यथा सक्षम नहीं, पक्षकारों द्वारा कार्रवाई के पश्चात् क्षेत्राधिकार दिया जा सकता है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Linking Laws Linking Laws Tansukh Sir www.LinkingLaws.com Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**21.** **Assertion (A) :** Nikah is a regular and permanent form of marriage among Muslims.

**Reason (R) :** Muta is contractual form of marriage and is most uncommon in India.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct.
(B) (A) is correct but (R) is false.
(C) (R) is correct but (A) is wrong.
(D) Neither (A) is correct nor (R) is correct.

**22.** Where a Hindu male and Hindu female contract their marriage under the special Marriage Act, 1954, Hindu personal law :

(A) Applies to such marriage
(B) Does not apply
(C) Applies with some modifications
(D) Applies with Indian Contract Act

**23.** When two persons are descendants of a common ancestor but by different wives, they are said to be related to each other by :

(A) Full Blood
(B) Uterine Blood
(C) Half - Blood
(D) None of the above

**24.** The term "Hindu" denotes the persons :

(i) professing Hindu religion
(ii) professing Buddh, Jain or Sikh religion
(iii) who are not professing Muslims Christian, Parsi or Jain religion.

In respect of the aforesaid propositions which is correct ?

(A) (i) and (ii) are correct and (iii) is incorrect.
(B) (ii) and (iii) are correct and (i) is incorrect.
(C) (i) and (iii) are incorrect but (ii) is correct.
(D) (i), (ii) and (iii) all are correct.

**25.** **Assertion (A) :** A having a wife alive, marries another wife. The marriage is void.

**Reason (R) :** Monogamy is the Law.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.
(B) Both (A) and (R) are false.
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

**26.** A marriage under Muslim law between persons with fosterage relationship is :

(A) Sahih
(B) Batil
(C) Fasid
(D) None of the above

**27.** Under the Indian Contract Act, acceptance of proposal should be

(A) Conditional or Unconditional
(B) Conditional but not absolute
(C) Unconditional and absolute
(D) Unconditional but not absolute

**28.** In Indian Contract Act, the term voidable contract has been defined under :

(A) Section 2(e)
(B) Section 2(h)
(C) Section 2(i)
(D) Section 2(g)

**29.** Contractual liability arises, where

(A) there is offer and acceptance only
(B) there is intention to create legal relation
(C) there is loss to one party
(D) the loss of one party is the gain of other party

**30.** There may be a contract without consideration, if

(A) agreement is in writing and registered.
(B) parties to the agreement are in near relationship.
(C) agreement is made due to natural love and affection.
(D) All the above elements are present.



Linking Laws | Linking Laws Tansukh Sir | www.LinkingLaws.com | Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

21. **अभिकथन (A)** : मुस्लमानों में निकाह विवाह का एक नियमित एवं स्थायी रूप है ।
**तर्क (R)** : मुता एक संविदाजात विवाह है और भारत में अत्यधिक अप्रचलित है ।
**कूट** :
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(C) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।
(D) न (A) सही है और न ही (R) सही है ।

22. जहाँ एक हिंदू पुरुष और हिंदू स्त्री विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अधीन विवाह रचाते हैं, हिंदू निजी विधि
(A) ऐसे विवाह पर लागू होगी
(B) लागू नहीं होती ।
(C) कुछ परिवर्तनों सहित लागू होगा ।
(D) भारतीय संविदा अधिनियम के साथ लागू होगा ।

23. जब दो व्यक्ति एक ही साझे पूर्वज के वंश हों, परन्तु वे विभिन्न पत्नियों से हों, तो उन्हें एक दूसरे से किस आधार पर सम्बंधित कहा जाएगा ?
(A) पूर्ण रक्त
(B) सहयोनिज रक्त
(C) अर्ध-रक्त
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. 'हिन्दू' शब्द उन व्यक्तियों की ओर इंगित करता है जो
(i) हिंदू धर्म का पालन करते हैं ।
(ii) बौद्ध, जैन अथवा सिख धर्म का पालन करते हैं ।
(iii) जो मुस्लिम, ईसाई, पारसी अथवा यहूदी धर्मों का पालन नहीं करते हैं ।
उपर्युक्त में से कौन सा प्रस्ताव सही है ?
(A) (i) और (ii) सही हैं, (iii) गलत है ।
(B) (ii) और (iii) सही हैं, (i) गलत है ।
(C) (i) और (iii) गलत हैं, (ii) सही है ।
(D) (i), (ii) और (iii) सभी सही हैं ।

25. **अभिकथन (A)** : ए ने एक पत्नी के जीवित होते हुए दूसरी पत्नी को विवाह कर के ले आया । यह विवाह शून्य है ।
**तर्क (R)** : एक विवाह का कानून है ।
**कूट** :
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

26. मुस्लिम विधि के अन्तर्गत पोष्य सम्बन्धों वाले दो व्यक्तियों का विवाह है
(A) सहीह
(B) बातिल
(C) फासिद
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. भारतीय संविदा अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्ताव की स्वीकृति होनी चाहिये
(A) सशर्त अथवा शर्त के बिना
(B) सशर्त परन्तु अपूर्ण
(C) शर्त के बिना तथा सम्पूर्ण
(D) शर्त के बिना तथा अपूर्ण

28. भारतीय संविदा अधिनियम के अन्तर्गत शून्यकरणीय संविदा को परिभाषित किया गया है
(A) धारा 2(e) में
(B) धारा 2(h) में
(C) धारा 2(i) में
(D) धारा 2(g) में

29. संविदात्मक दायित्व उत्पन्न होता है
(A) जहाँ केवल प्रस्ताव और स्वीकृति हो ।
(B) जहाँ विधिक संबंध बनाने का आशय हो ।
(C) जहाँ एक पक्षकार को नुकसान होता है ।
(D) जहाँ एक पक्षकार का नुकसान दूसरे पक्षकार का लाभ हो ।

30. बिना किसी प्रतिफल के भी संविदा हो सकती है, यदि
(A) करार लिखित और पंजीकृत हो ।
(B) करार के पक्षकार निकट संबंधी हों ।
(C) करार प्राकृतिक प्रेम तथा स्नेह के कारण किया गया हो ।
(D) उपर्युक्त सभी तत्त्व विद्यमान हों ।



Linking Laws | Linking Laws Tansukh Sir | www.LinkingLaws.com | Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**31.** An agreement of trade combination to regulate legal trade in organised way is

(A) Void (B) Voidable
(C) Legal (D) Illegal

**32.** Which one of the following statements is true ?

(A) Intimation of minimum price is proposal.
(B) An agreement against public policy is voidable.
(C) An agreement, the meaning of which is not certain is void.
(D) Contingent contracts are illegal.

**33.** Which one of the following is correct ?

(A) Damages can be dispensed with in tort
(B) Damages cannot be awarded in tort when other remedies are provided by a statute
(C) A remedy by way of damages is essential ingredient of tort
(D) Damages can be awarded only if there is a physical injury

**34.** After considering the following, choose the right choice :

1. infringement of a legal right
2. legal damage
3. any damage
4. existence of a legal right

Right to claim damages in tort would arise only if :

(A) 1, 2 and 3 are present.
(B) 1, 2 and 4 are present.
(C) 1, 3 and 4 are present.
(D) All 1, 2, 3, 4 are present.

**35.** Mental condition of the wrong doer is

(A) relevant in all torts
(B) not relevant in tortious liability
(C) relevant in case of strict liability
(D) relevant in torts based on fault

**36.** P voluntarily accepted lift from D who was drunk and driving the car. D was affected by the drink and this was known to P. D caused the accident in which P suffered injury. Here,

(A) D can escape the liability because P was aware of risk.
(B) D is liable because P did not agree to suffer the harm.
(C) D is not liable because he gave free lift to P.
(D) D is liable because the degree of intoxication was not to such an extent that it can be assumed that there was voluntary assumption of risk by P.

**37.** A rickshaw was being pulled by the rickshaw puller with three passengers on board, which was against law. A bus was being driven rashly and negligently by its driver. The bus collides with rickshaw resulting into damage to rickshaw and injury to rickshaw passengers. Here

(A) passengers cannot claim compensation from bus operator for the injury as they themselves were not acting according to law.
(B) passengers cannot claim compensation from bus operator as there was contributory negligence on their part.
(C) passengers can claim full compensation from bus operator as their negligence has not contributed to their injury.
(D) passengers are entitled for compensation which shall be proportionally reduced taking into account their illegal act.



Linking Laws Linking Laws Tansukh Sir www.LinkingLaws.com Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**31.** विधिक व्यापार को संगठित तरीके से संचालित करने के लिये व्यापारिक गठबंधन का करार होगा

(A) शून्य (B) शून्यकरणीय
(C) वैध (D) अवैध

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) न्यूनतम कीमत बताना प्रस्ताव है ।
(B) सार्वजनिक नीति के विरुद्ध अनुबंध शून्यकरणीय है ।
(C) अनिश्चित अर्थ वाले करार शून्य होते हैं ।
(D) समाश्रित संविदायें अवैध होती हैं ।

**33.** निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) अपकृत्य में नुकसानी को अभिमुक्ति प्रदान की जा सकती है ।
(B) अपकृत्य में नुकसानी प्रदान नहीं की जा सकती जब कानून में अन्य उपचार उपलब्ध हों ।
(C) नुकसानी के रूप में उपचार अपकृत्य का अनिवार्य तत्त्व है ।
(D) नुकसानी तभी प्रदान की जा सकती है जब शारीरिक क्षति पहुँची हो ।

**34.** निम्नलिखित पर विचार करने के बाद सही विकल्प चुनिए :

1. किसी वैधानिक अधिकार का अतिलंघन
2. वैधानिक नुकसान
3. कोई नुकसान
4. वैधानिक अधिकार का अस्तित्व में होना

अपकृत्य में नुकसानी का दावा करने का अधिकार केवल तभी होता है, जब

(A) 1, 2 तथा 3 विद्यमान हों ।
(B) 1, 2 तथा 4 विद्यमान हों ।
(C) 1, 3 तथा 4 विद्यमान हों ।
(D) 1, 2, 3, 4 सभी विद्यमान हों ।

**35.** दुष्कृत्य करने वाले की मन:स्थिति

(A) सभी अपकृत्यों में प्रासंगिक होती है ।
(B) अपकृत्य परक जिम्मेदारी में प्रासंगिक नहीं होती ।
(C) कठोर जिम्मेदारी में प्रासंगिक होती है ।
(D) कसूर पर आधारित अपकृत्य में प्रासंगिक होती है ।

**36.** P ने स्वेच्छा से D से, जिसने शराब पी रखी थी और कार चला रहा था, लिफ्ट लिया । यह तथ्य कि D शराब के नशे के प्रभाव में है, P जानता था । D ने दुर्घटना की जिसमें P घायल हुआ ।

यहाँ :

(A) D जिम्मेदारी से बच सकता है क्योंकि P को खतरे की जानकारी थी ।

(B) D जिम्मेदार है क्योंकि P ने नुकसान भुगतने की सहमति नहीं दी थी

(C) D जिम्मेदार नहीं है क्योंकि उसने P को नि:शुल्क लिफ्ट दी थी ।

(D) D जिम्मेदार है क्योंकि नशे की मात्रा इतनी अधिक नहीं थी P खतरे का स्वैच्छिक अनुमान लगा पाता ।

**37.** एक रिक्शावाला रिक्शा पर तीन सवारियाँ बिठा कर रिक्शा खींच रहा था जो विधि विरुद्ध था । एक चालक बस को लापरवाही से और जल्दबाजी में चला रहा था । बस रिक्शा से टकरा जाती है तथा इससे रिक्शा को क्षति तथा सवारियों को चोट पहुँचती है ।

यहाँ :

(A) सवारियाँ बस के संचालक से क्षतिपूर्ति का दावा नहीं कर सकती हैं क्योंकि वे स्वयं कानून का पालन नहीं कर रही थीं ।

(B) सवारियाँ बस के संचालक से क्षतिपूर्ति का दावा नहीं कर सकती क्योंकि उनके पक्ष से भी सह भागितापूर्ण लापरवाही हुई थी ।

(C) सवारियाँ बस के संचालक से पूर्ण क्षतिपूर्ति का दावा कर सकती हैं क्योंकि उन्हें चोट पहुँचने में उनकी लापरवाही का योगदान नहीं था ।

(D) सवारियाँ क्षतिपूर्ति की हकदार हैं जिसे, उनके गैरकानूनी कार्य पर विचार करते हुए, आनुपातिक रूप में कम किया जाएगा ।



Linking Laws Linking Laws Tansukh Sir www.LinkingLaws.com Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**38.** Consider the following and then select the right code :

1. Absolute liability implies liability without fault.
2. In case of absolute liability defendant is liable for the injury if his act is the direct and proximate cause of plaintiff's injury.
3. Absolute liability is the liability of the defendant without any defence.
4. In absolute liability, defendant can escape the liability if he can prove that the damage was the result of an act of stranger.

**Codes :**

(A) 1, 2 and 4 are correct.
(B) 2 and 3 are correct.
(C) 1, 2 and 3 are correct.
(D) 1 and 4 are correct.

**39.** Causing one thing to resemble another thing is known as :

(A) Counterfeit (B) Deception
(C) Cheating (D) All of them

**40.** A private libel is not considered as strict liability because :

(A) There is no common injury or danger inferred from the facts
(B) It was the result of bonafide belief
(C) It is not a statutory offence
(D) The principles of Rayland v/s Fletcher is not applicable

**41.** **Assertion (A) :** The principle of common intention applies when a criminal act is done by several persons in furtherance of that intention.

**Reason (R) :** A intentional co-operation for committing an offence culminated from several acts.

**Codes :**

(A) (A) is true but (R) is not the reason.
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the reasonable explanation of (A) .
(C) Both are distinctive offences and (A) is not dependent on (R).
(D) (A) is false but (R) is true.

**42.** **Assertion (A) :** The right of private defence does not depend upon the actual criminality of the aggressor but on the wrongful character of the act attempted.

**Reason (R) :** Even if an act is treated as offence the right of private defence arises against the author despite his personal incapacity.

**Codes :**

(A) (A) is correct principle because (R) is the right reason.
(B) (A) is untenable under law while (R) is the justifiable cause.
(C) (A) is the law on an unlawful act while (R) results without mens rea.
(D) (A) is not true while (R) is false.

**43.** The maxim "De Minimis non curat" relates to _______.

(A) Slight harm
(B) Trifles
(C) Exhibition of disrespect
(D) Annoyance

**44.** Instigating or engaging in a conspiracy or intentionally aiding a person to commit an offence is better known as _____.

(A) Principal Crime
(B) Second Degree Crime
(C) Wilful mis-representation
(D) Abetment

**45.** The First Come Last Go, and the Last Come First Go rule is associated with

(A) Strike
(B) Lock out
(C) Retrenchment
(D) Closure



Linking Laws   Linking Laws Tansukh Sir   www.LinkingLaws.com   Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**38.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए तथा सही कूट चुनिए :

1. पूर्ण जिम्मेदारी में बिना कसूर के जिम्मेदारी का भाव निहित है ।
2. पूर्ण जिम्मेदारी के मामले में प्रतिवादी क्षति के लिए जिम्मेदार है यदि वादी को क्षति उसके (प्रतिकर्म) के कार्य का प्रत्यक्ष तथा अनुमानित कारण है ।
3. पूर्ण दायित्व, प्रतिवादी का बिना किसी बचाव के दायित्व है ।
4. पूर्ण दायित्व में, प्रतिवादी जिम्मेदारी से बच सकता है यदि वह साबित करता है कि नुकसान किसी अजनबी व्यक्ति के कार्य के कारण हुआ ।

**कूट** :

(A) 1, 2 एवं 4 सही हैं ।
(B) 2 एवं 3 सही हैं ।
(C) 1, 2 एवं 3 सही हैं ।
(D) 1 एवं 4 सही हैं ।

**39.** किसी अन्य चीज से मिलती-जुलती चीज को करने को क्या कहते हैं ?

(A) कूटकरण (B) प्रवंचना
(C) छल (D) उपर्युक्त सभी

**40.** एक निजी अपमान-लेख को कठोर दायित्व नहीं माना जाता क्योंकि

(A) तथ्यों से कोई सामान्य क्षति या हानि नहीं पहुँती है ।
(B) उसे सद्भाविक विश्वास का परिणाम माना जाता है ।
(C) यह एक वैधानिक अपराध नहीं है ।
(D) रेलैण्ड बनाम फ्लेचर का सिद्धांत लागू नहीं होता ।

**41.** **अभिकथन (A)** : सामान्य आशय का सिद्धांत तब लागू होता है जब उस आशय को आगे बढ़ाने के लिए अनेक लोगों द्वारा कोई आपराधिक कार्य किया जाता है ।

**कारण (R)** : अनेक कृत्यों की पराकाष्ठा के रूप में उत्पन्न अपराध को करने में साभिप्राय सहभागिता

**कूट** :

(A) (A) सही है परन्तु (R) कारण नहीं है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का तर्कसंगत स्पष्टीकरण है ।
(C) दोनों सुभिन्न अपराध हैं तथा (A), (R) पर निर्भर नहीं है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**42.** **अभिकथन (A)** : प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार आक्रमक व्यक्ति की वास्तविक आपराधिकता पर नहीं बल्कि किए गए कृत्य की सद्धोष प्रकृति पर निर्भर होता है ।

**कारण (R)** : यदि किसी कृत्य को अपराध मान भी लिया जाय, कर्ता की वैयक्तिक अक्षमता के बावजूद, उसके विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार उत्पन्न होता है ।

**कूट** :

(A) (A) सही सिद्धांत है क्योंकि (R) सही कारण है ।
(B) (A) कानून के अंतर्गत अमान्य है जबकि (R) न्याय संगत सिद्ध किया जा सकने वाला कारण है ।
(C) (A) गैर कानूनी कृत्य पर कानून है जबकि (R) दुराशय के बिना उत्पन्न होता है ।
(D) (A) सही नहीं है जबकि (R) गलत है ।

**43.** "डी मिनिमिस नान कुरट" – सूक्ति का संबंध किससे है ?

(A) अल्प अपहानि
(B) छोटी सी बात
(C) अपमान-प्रदर्शन
(D) क्षोभ

**44.** उकसाना या षड्यंत्र में लगाना अथवा किसी अपराध को करने में किसी व्यक्ति की साभिप्राय सहायता करना – इन्हें क्या कहा जाता है ?

(A) मुख्य अपराध
(B) द्वितीय डिग्री का अपराध
(C) जानबूझ कर दुर्व्यपदेशन
(D) दुष्प्रेरण

**45.** पहले आओ अंत में जाओ तथा अंत में आओ पहले जाओ नियम का संबंध किससे है ?

(A) हड़ताल
(B) तालाबंदी
(C) छंटनी
(D) बंद होना



Linking Laws Linking Laws Tansukh Sir www.LinkingLaws.com Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**46.** One of the following is not the duty of works committee under the Industrial Disputes Act.

(A) To promote measures for securing and preserving amity and good relations between the employees and workmen.

(B) To form groups among workmen and strengthen mediation between employer and employee.

(C) To achieve the object, it is their duty to comment upon matter of common interest or concern of employers and workmen.

(D) to endeavour to compose any material difference of opinion in respect of matters of common interest or concern between employers and workmen.

**47.** An unregistered trade union has one of the following disadvantage :

(A) It can acquire and hold both movable and immovable property.

(B) It has no corporate existence.

(C) It can contract through agents.

(D) It is a legal entity.

**48.** In order to entitle the workmen to wages for the period of strike, the strike should be legal as well as justified. The above principle was laid down in one of the following case by the apex court :

(A) Crompton Greaves v/s The workmen AIR 1978 SC.

(B) Ballarpur collieries v/s C.G.I.T Dhanbad AIR 1972 SC.

(C) Management of India Radiatiors Ltd and another v/s presiding officer and another AIR 2003 II LLJ (Mad)

(D) Workmen of Motor Industries Co. Ltd v/s Management of Motor Industires Co Ltd AIR 1969 SC.

**49.** In one of the following case the Supreme Court held that when retrenchment of a workmen is invalid reinstatement can be ordered :

(A) Harindara Singh v/s Punjab State warehousing Corporation 2010 II LLJ SC

(B) Surendara Kumar Verma v/s Central Govt. Indl. Tribunal 1981 ILLJ SC

(C) Management W.B. India Ltd v/s Jagannath AIR 1974 SC

(D) Pioneer Ltd v/s Tajdar Hussain AIR 1974 SC

**50.** In which of the following, the members of the registered trade union can claim immunity in criminal cases ?

(A) The combination of two or more members of a registered trade union act in furtherance of a trade dispute.

(B) The combination of two or more members of a registered trade union act with an intention to create loss or damage to the properties of the employer.

(C) The trade union leaders in exercise of the managerial powers direct the workers from abstaining to do the work.

(D) The members of a trade union act in combination with an intention to coerce the employer to acced to their demands.



Linking Laws · Linking Laws Tansukh Sir · www.LinkingLaws.com · Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**46.** निम्नलिखित में से कौन सा औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत, कार्य समिति का कर्त्तव्य नहीं है ?

(A) नियोक्ताओं और कर्मकारों के बीच मित्रतापूर्ण एवं अच्छे संबंध को बनाने और कायम रखने के उपायों को बढ़ावा देना ।

(B) कर्मकारों के बीच समूह निर्माण तथा नियोक्ता और कर्मचारियों के बीच मध्यस्थता को सशक्त बनाना ।

(C) नियोक्ताओं तथा कर्मकारों के समान हित से संबंधित मामलों पर, उद्देश्य की प्राप्ति हेतु टिप्पणी करना उनका कर्त्तव्य है ।

(D) नियोक्ताओं तथा कर्मकारों के समान हितों से संबंधित या सरोकार रखने वाले मामलों से जुड़े किसी महत्त्वपूर्ण मतभेद को शांत करने की चेष्टा करना ।

**47.** अपंजीकृत मजदूर संघ होने का एक नुकसान क्या है ?

(A) यह चल तथा अचल दोनों प्रकार की सम्पत्ति अधिग्रहण और धारण कर सकता है ।

(B) इसका कोई कॉर्पोरेट अस्तित्व नहीं होता ।

(C) यह अभिकर्ताओं के माध्यम से अनुबंध कर सकता है ।

(D) यह एक कानूनी सत्ता है ।

**48.** हड़ताल की मियाद में कर्मकारों को मजदूरी का हकदार बनने के लिए हड़ताल को कानूनी और न्यायसंगत होना चाहिए
सर्वोत्तम न्यायालय से निम्नलिखित में से किस मामलें में इस सिद्धांत की स्थापना की ?

(A) क्रांप्टन ग्रीव्स बनाम कर्मकार, ए आई आर 1978 एस सी

(B) बल्लारपुर कोलियरिज बनाम सी.जी.आई.टी. धनबाद, ए.आई.आर. 1972 एस सी

(C) मैनेजमेंट ऑफ इंडिया रेडिएटर्स लिमिटेड तथा अन्य बनाम प्रेजाइडिंग ऑफिसर और अन्य, ए आई आर 2003 II एल एल जे (मद्रास)

(D) वर्कमेन ऑफ मोटर इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड बनाम मैनेजमेंट ऑफ मोटर इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड, ए आई आर 1969 एस सी

**49.** निम्नलिखित में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय दिया था कि यदि किसी कर्मकार की छंटनी अविधिमान्य हो तो कर्मकार को कार्य पर पुन: स्थापित किया जा सकता है ?

(A) हरिन्दर सिंह बनाम पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन 2010 आई आई एल एल जे एस सी

(B) सुरेन्द्र कुमार वर्मा बनाम सेंट्रल गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल 1981 आई एल एल जे एस सी

(C) मैनेजमेंट डब्ल्यू बी इंडिया लिमिटेड बनाम जगन्नाथ ए आई आर 1974 एस सी

(D) पायोनियर लिमिटेड बनाम ताजदार हुसैन ए आई आर 1974 एस सी

**50.** पंजीकृत मजदूर संघ के सदस्य निम्नलिखित में से किसमें आपराधिक मामलों में उन्मुक्ति का दावा कर सकते हैं ?

(A) किसी मजदूर विवाद को आगे बढ़ाने में कार्यरत किसी पंजीकृत मजूदर संघ के दो या अधिक सदस्यों का संगठन ।

(B) नियोक्ता की सम्पत्ति की हानि करने या नुकसान पहुँचाने के आशय से कार्यरत किसी पंजीकृत मजदूर संघ के दो या अधिक सदस्यों का संगठन ।

(C) प्रबंधकीय शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मजदूरों को काम नहीं करने का निर्देश देने वाले मजदूर संघ के नेता ।

(D) नियोक्ता को अपनी माँग मनवाने के आशय से बलात् विवश करने वाले मजदूर संघ के सदस्य ।



Linking Laws   Linking Laws Tansukh Sir   www.LinkingLaws.com   Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

Linking Laws
"Link the Life with Law"
All Judiciary Exam
✆: 7737746465
www.LinkingLaws.com

Space For Rough Work



Linking Laws Linking Laws Tansukh Sir www.LinkingLaws.com Unacademy Learner App
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.